# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / पूरक परीक्षा / 2024 /                दिनांकः

## पूरक परीक्षा–2024 संबंधी विज्ञप्ति

समस्त स्नातक (अन्तिम वर्ष) परीक्षा–2024 के पूरक परीक्षा (Supplementary/PPTO/FAIL*) योग्य परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन वेबसाइट www.univraj.org पर कर सकते हैं:–

| सामान्य शुल्क आवेदन तिथि | रूपये 100/– विलम्ब शुल्क सहित |
|---|---|
| 01.10.2024 से 06.10.2024 तक | 07.10.2024 से 08.10.2024 तक |

**बी.बी.ए. पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मय सम्पूर्ण अंकतालिकाओं सहित प्रशासनिक भवन के कमरा नम्बर–115 में जमा होगी, शेष अन्य समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी महाविद्यालय / विश्वविद्यालय में जमा नहीं होगी।**

ऐसे स्वयंपाठी परीक्षार्थी जो प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र के अभाव में मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित होने के कारण पूरक परीक्षा हेतु योग्य घोषित हुए हैं, वे संबंधित प्रायोगिक विषय की पूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें। अतः ऐसे परीक्षार्थी प्रायोगिक विषय हेतु पूरक परीक्षा आवेदन नहीं करें।

**नोटः–** सैद्धान्तिक विषयों की पूरक परीक्षा दिनांक 14.10.2024 से प्रारम्भ होगी, परीक्षा समय सारिणी विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रकाशित की जा चुकी है। परीक्षा संबंधी दिशा–निर्देश हेतु वेबसाइट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।

Sd/-

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक / पूरक परीक्षा / 2024 / 1403–1420                दिनांकः 30.9.24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. समस्त प्राचार्य, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति एवं दिशा–निर्देश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने का श्रम करें।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि पूरक परीक्षा–2024 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जयपुर एवं दौसा में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में एक बार प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
5. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी / विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
6. निजी सचिव, कुलपति / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. समस्त उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभाग अधिकारी, परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक –द्वितीय / सेलर I व II, परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**

# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

## स्नातक पूरक परीक्षा 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरवाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश

समस्त स्नात्तक (अन्तिम वर्ष) परीक्षा–2024 के परीक्षा परिणाम में पूरक परीक्षा (Supplementary/PPTO/FAIL*) हेतु योग्य समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि पूरक परीक्षा के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क दिनांक 01.10.2024 से 06.10.2024 तक तथा तत्पश्चात् दिनांक 07.10.2024 से 08.10.2024 तक आवेदन शुल्क मय रूपयें 100/– विलम्ब शुल्क से वेबसाइट www.univraj.org पर भर सकते हैं। **परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में जमा नहीं करवानी है एवं बी.बी.ए. पूरक परीक्षा के फॉर्म की हार्ड कॉपी सम्पूर्ण अंकतालिकाओं सहित प्रशासनिक भवन के कमरा नम्बर–115 में आवश्यक रूप से जमा करवायें अन्यथा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा।**

**स्नातक स्तरीय मुख्य परीक्षा–2024 से पूर्व परीक्षा 2022, 2023 इत्यादि में पूरक घोषित हुये विद्यार्थी जो मुख्य परीक्षा–2024 में किसी एक विषय में पंजीकृत होकर Fail* घोषित हुए थे भी पूरक परीक्षा योग्य है।**

ऐसे स्वयंपाठी परीक्षार्थी जो प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र के अभाव में मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित होने के कारण पूरक परीक्षा हेतु योग्य घोषित हुऐ हों, वे संबंधित प्रायोगिक विषय की पूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें।

अतः ऐसे परीक्षार्थी पूरक परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरें। दिशा–निर्देश एवं परीक्षा शुल्क की जानकारी वेबसाइट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध है।

परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क जमा करवाकर पूर्ण रूपेण भरे हुये परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी का प्रिंट अपने पास सुरक्षित रखे। **परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में जमा नहीं करवानी है एवं बी.बी.ए. पूरक परीक्षा के फॉर्म की हार्ड कॉपी सम्पूर्ण अंकतालिकाओं सहित प्रशासनिक भवन के कमरा नम्बर–115 में आवश्यक रूप से जमा करवायें अन्यथा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा।**

प्रायोगिक विषयों की पूरक परीक्षा सैद्धान्तिक परीक्षाओं के समापन के तुरन्त बाद निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होंगी। प्रायोगिक परीक्षा की निश्चित तिथि के लिये परीक्षार्थी संबंधित परीक्षा केन्द्र (महाविद्यालय) से सम्पर्क करें। **ऐसे स्वयंपाठी परीक्षार्थी जो प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र के अभाव में मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित होने के कारण पूरक परीक्षा हेतु योग्य घोषित हुऐ हों वे संबंधित प्रायोगिक विषय की पूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगें।**

1. **ऑनलाईन परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र**

(अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.univraj.org पर संबंधित कक्षा की श्रेणी (यथा नियमित/स्वयंपाठी/पूर्व छात्र) का चयन कर मुख्य परीक्षा–2024 के अनुक्रमांक से प्रदर्शित परीक्षा फार्म की जॉच कर लें, यदि आपका विवरण सही है तो ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड (एटीएम)/क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करवायें। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा तथा भुगतान मोबाईल नेटवर्क की समस्या के कारण पूर्ण नहीं होने पर विश्वविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। एक बार परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् शुल्क वापस नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फार्म का प्रिंट अपने रिकार्ड के लिये ले सकते हैं।

(ब) मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुए शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। शेष शुल्क विवरण के अनुसार ऑनलाईन जमा करना होगा।

(स) परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में जमा नहीं करवानी है।

2. निम्नलिखित श्रेणी के परीक्षार्थियों को भी पूरक परीक्षा–2024 में बैठने की अनुमति प्रदान की गयी है:–

(I) मुख्य परीक्षा–2024 में जिनके परीक्षा परिणाम RL/RW-EX/RW-EN/UM/ABSENT आदि के कारण देरी से घोषित हुये हैं तथा रोल नं. से ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध नहीं है। ऐसे परीक्षार्थी संबंधित परीक्षा अनुभाग में सम्पर्क करें।

(II) ऐसे परीक्षार्थी जिनके वर्ष 2023 की मुख्य परीक्षा के परिणाम आर.एल./यू.एम. अथवा अन्य कारणों से देरी से पूरक परीक्षा के योग्य घोषित हुये थे जिसके कारण वे मुख्य परीक्षा–2024 में सम्मिलित नहीं हो सके।

(III) जिन परीक्षार्थियों ने वर्ष 2023 की मुख्य परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन किया था परन्तु उनका परीक्षा परिणाम देरी से घोषित होकर पूरक परीक्षा के योग्य घोषित हुआ था तथा वे मुख्य परीक्षा–2024 में सम्मिलित नहीं हो सके।

कृ.पृ.उ.

(IV) स्नातक (अन्तिम वर्ष) के ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें मुख्य परीक्षा–2023 में पुनर्मूल्यांकन के फलस्वरूप विश्वविद्यालय अध्यादेश 169–जी–3 के तहत परीक्षा में बैठने की अनुमति देरी से दी गई थी, जिसके कारण वे मुख्य परीक्षा–2024 में सम्मिलित नहीं हो सके थे वे भी पूरक परीक्षा के साथ सम्बन्धित विषय की परीक्षा दे सकेंगे।

अतः उपरोक्त श्रेणी बिन्दू–4 (I, II, III, IV) के परीक्षार्थी परीक्षा तिथि से दो दिन पूर्व तक आवश्यक रूप से संबंधित परीक्षा अनुभाग में सम्पर्क करें।

3. ऐसे स्वयंपाठी परीक्षार्थी जिन्होनें चयनित प्रायोगिक विषयों का प्रशिक्षण मुख्य परीक्षा के दौरान निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों से नहीं लिया है तथा वे अनुपस्थित विषय में पूरक परीक्षा हेतु योग्य घोषित हुये हैं, वे प्रायोगिक पूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे। इनके लिए पुनः प्रशिक्षण शिविर आयोजित नहीं होंगे। अतः ऐसे परीक्षार्थी पूरक परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क जमा नहीं करावें अन्यथा वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

4. पूरक परीक्षा–2024 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क मुख्य परीक्षा–2024 के कार्यालय आदेशानुसार देय होगी।

नोटः–(I) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है, अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

(II) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबन्धि महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नहीं लिया जावे।

(III) परीक्षा संबंधी सूचनाओं के लिए अधिकृत विश्वविद्यालय वेबसाईट ही मान्य है।

(IV) **Fail***:– स्नातक पार्ट–III परीक्षा–2024 से पूर्व परीक्षा 2022, 2023 इत्यादि में पूरक घोषित हुये है विद्यार्थी जो मुख्य परीक्षा–2024 में किसी एक विषय में पंजीकृत होकर **Fail*** (अनुत्तीर्ण) घोषित हुए है भी पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने योग्य है

5. परीक्षा फॉर्म भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9372505528** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

30.09.24
**परीक्षा नियंत्रक**
O/C 30/9/24